12-01-2024

शरीर को स्वस्थ रखने से लेकर मन का विकास करने तक: एक उभरते मेडिकल करियर से लेकर शैक्षिक उत्कृष्टता तक, प्रधानाचार्य Dodson की उल्लेखनीय यात्रा

भाग्य ने ऐसा कमाल किया कि मौजूदा DCSD के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य ने सार्वजनिक शिक्षा को अपना करियर चुना

Redan हाई स्कूल के व्यस्त हॉल में, प्रधानाचार्य Vitella Dodson की उपस्थिति प्रतिभा और जुनून का एक उदाहरण है। अतीत में, उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उन्हें पिछली नवंबर को आयोजित डिस्ट्रिक्ट के 10वें वार्षिक शैक्षिक उत्कृष्टता अकादमी पुरस्कारों में वर्ष 2023-2024 के लिए DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्होंने मेडिकल करियर में अपना भविष्य देखा था, सफेद कोट और स्टेथोस्कोप के साथ।

शिक्षा के क्षेत्र में उनका आना महज़ संयोग था।

प्रधानाचार्य Dodson ने बताया कि, "मेडिकल स्कूल में पढ़ते समय मैंने पढ़ाने का फैसला लिया, जिसके बाद मेरे करियर की दिशा ही बदल गई।"

इस क्रांतिकारी फैसले ने शिक्षा की अद्भुत दुनिया के प्रति उनके जुनून को बढ़ाया, खास तौर पर विज्ञान में। यह एक ऐसा विषय है, जो उनके दिल के करीब है, जिसका मुख्य कारण Dunwoody हाई स्कूल के उनके प्रेरणादायक शिक्षक थे।

"मुझे एकाएक ही शिक्षा से प्यार हो गया और अपने विद्यार्थियों से जुड़ाव हो गया। मैं चाहती थी कि मैं उन्हें आधुनिक विज्ञान के लिए तैयार करूं," प्रधानाचार्य Dodson ने बताया।

विज्ञान के प्रति अपने जुनून के लिए वो Hightower एलीमेंटरी, Peachtree जूनियर हाई और Dunwoody हाई में विद्यार्थी के तौर पर बिताए अपने वक्त के दौरान विज्ञान के कुछ शानदार शिक्षकों को ज़िम्मेदार मानती हैं। वो भी अपने विद्यार्थियों में उसी तरह का उत्साह भरना चाहती थीं। इस लक्ष्य को उन्होंने निश्चित रूप से हासिल किया है।

DCSD के वर्ष के प्रधानाचार्य के तौर पर प्रधानाचार्य Dodson का चयन महज़ पेशेवर सम्मान देना नहीं था। क्योंकि उन्होंने इसी स्कूल डिस्ट्रिक्ट से पढ़ाई की और एक लंबे अरसे से वो इस डिस्ट्रिक्ट की वफादार कर्मचारी रही हैं, यही कारण है कि उन्हें दिया गया यह सम्मान और भी खास हो जाता है।

"सिवाय एक वर्ष को छोड़कर, मैंने हमेशा DeKalb में ही नौकरी की है। उस डिस्ट्रिक्ट से सम्मान पाना बहुत गर्व की बात हैं, जहाँ से मैंने शिक्षा प्राप्त की और जहाँ मैंने शिक्षक के तौर पर समय बिताया है," वो गर्व से बताती हैं।

प्रधानाचार्य Dodson की शैक्षिक पृष्ठभूमि उनके करियर पथ के समान विविध है। उनके पास Georgia विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री और मॉलिक्यूलर बायोलॉजी में स्नातक की डिग्री है और Grand Canyon विश्वविद्यालय से पाठ्यक्रम और अनुदेश को प्रमुखता देते हुए माध्यमिक शिक्षा में मास्टर्स और स्पेशलिस्ट डिग्री है।

डिस्ट्रिक्ट के भीतर उनका करियर पथ भी किसी चमत्कार से कम नहीं है। अपने करियर की शुरुआत उन्होंने Redan हाई स्कूल से की, जहाँ उन्होंने आरंभ में विज्ञान पढ़ाया। Redan और Lithonia हाई स्कूलों में अकादमिक कोच और सहायक

प्रधानाचार्य के तौर पर अपनी नौकरी शुरू करने के बाद जल्द ही वर्ष 2020 में उनका चयन Redan हाई स्कूल की प्रधानाचार्य के तौर पर किया गया।

"Redan हाई स्कूल से बेहतर और कोई जगह नहीं है," उन्होंने बताया। "यहाँ के विद्यार्थी और कर्मचारी आपको अपना परिवार मानते हैं। Redan में एक कहावत है, 'एक बार जो रेडर बन गया, वो हमेशा रेडर रहता है,' और इसी से स्कूल के समुदाय के माहौल का भी पता चलता है। स्कूल इतिहास और उत्कृष्टता से समृद्ध है, और प्रधानाचार्य के रूप में सेवा करना सम्मान की बात है।"

प्रधानाचार्य Dodson के सहकर्मी भी Redan हाई स्कूल पर उनके निर्विवाद प्रभाव की सराहना करते हैं। Redan की असाधारण शिक्षा विभाग की अध्यक्ष Dr. Monique Robinzine ने उनके नेतृत्व की शैली को सराहा।

"अपने दूरदर्शी नेतृत्व के ज़रिए, उन्होंने सहयोग और नवाचार की संस्कृति बनाई है, जहाँ शिक्षा के गतिशील वातावरण को बढ़ावा दिया जाता है," कहना था Dr. Robinzine का। "स्कूल के विद्यार्थियों और कर्मचारियों की चिंताओं को सुनने और समझने की उनकी नीति ने स्कूल में सकारात्मक वातावरण भी बनाया है, जहाँ विद्यार्थियों और कर्मचारियों को महत्व दिया जाता है और उनका समर्थन किया जाता है।"

Redan हाई स्कूल की सहायक प्रधानाचार्य Dr. Stacey Barlow भी इस भावना का समर्थन करती हैं और प्रधानाचार्य Dodson को सेवा भाव से अपना काम करने वाली नेतृत्वकर्ता बताती हैं।

"उनका मुख्य उद्देश्य स्कूल और उससे जुड़े सभी लोगों का विकास और कल्याण है। वो आपको दोयम या औसत दर्जे का बनने की अनुमति नहीं देंगी,"

चाहे उन्हें वर्ष की सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य घोषित किया जाता या नहीं, पर सच तो ये है कि प्रधानाचार्य Dodson स्वयं को बस एक प्रशासनिक अधिकारी मानती हैं। सार्वजनिक शिक्षा में स्थायी संबंध बनाने और आने वाले वर्षों के लिए जीवन को प्रभावित करने की अविश्वसनीय शक्ति के कारण वह सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के एक साथ काम करने की प्रबल समर्थक हैं।

"मैं यह काम अकेले नहीं कर रही हूँ, मुझे दूसरों के साथ मिलकर काम करने का भी अवसर मिलता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि Redan हाई स्कूल को विद्यार्थियों के लिए सबसे बेहतरीन स्थान माना जाए," उन्होंने बताया।

जैसा कि आप देख सकते हैं, प्रधानाचार्य Vitella Dodson की चिकित्सक बननी की महत्वाकांक्षा से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी व्यक्ति बनने तक की यात्रा अपने जुनून का पीछा करने की शक्ति का प्रमाण है। उनकी कहानी केवल हमारे द्वारा चुने गए रास्तों के बारे में ही नहीं बतलाती है, बल्कि उन रास्तों के बारे में भी बतलाती है जो हमें चुनते हैं, और उन पर चल कर ऐसी मंज़िलों पर पहुंचते हैं जिनकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी, पर जहाँ हमें होना चाहिए।